## NIC मध्य प्रदेश द्वारा, NRIDA की क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों (आरआरएम) में eMARG 2.0 का प्रस्तुतीकरण

राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों (Regional Review Meetings - RRM) eMARG (electronic Maintenance of Rural Roads under PMGSY) के नए फीचर्स का प्रस्तुतीकरण में किया गया, जिनका उद्देश्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और नई पहलों की प्रगति की समीक्षा करना हैं।

1. मुंबई, महाराष्ट्र (09-10 अप्रैल 2026)

आरआरएम ,महाराष्ट्र द्वारा मुंबई में आयोजित की गई समीक्षा बैठक मे राजस्थान, गुजरात, गोवा, पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्य के अधिकारियों ने भाग लिया । इस बैठक में भारत सरकार के महानिदेशक एवं संयुक्त सचिव (RC), NRIDA के वरिष्ठ अधिकारी, महाराष्ट्र ग्रामीण सड़क विभाग के प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, अन्य राज्यों के सीईओ, ई-इन-सी एवं SRRDA के अधिकारी तथा NIC के अधिकारी उपस्थित रहे।

2. धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश (16-17 अप्रैल 2026)

आरआरएम, हिमाचल प्रदेश द्वारा धर्मशाला में आयोजित की गई समीक्षा बैठक मे झारखंड, जम्मू-कश्मीर, बिहार, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड राज्य के अधिकारियों ने भाग लिया | इस बैठक में भारत सरकार के महानिदेशक एवं संयुक्त सचिव (RC), NRIDA के वरिष्ठ अधिकारी, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण सड़क विभाग के प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, अन्य राज्यों के सीईओ, ई-इन-सी एवं SRRDA के अधिकारी तथा NIC के अधिकारी उपस्थित रहे।

eMARG (https://emarg.gov.in) एक एंटरप्राइज ई-गवर्नेंस समाधान है, जिसे राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, मध्य प्रदेश द्वारा डिजाइन, विकसित और लागू किया गया है। यह प्रणाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित ग्रामीण सड़कों के रखरखाव के लिए विकसित की गई है। यह एक मानकीकृत, पारदर्शी और प्रक्रिया-आधारित प्रणाली है, जो निर्माण के बाद 5 वर्ष की डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि (DLP) और उसके बाद के 5 वर्षों (Post-DLP) में सड़कों के रखरखाव का प्रबंधन और निगरानी करती है। इसका DLP मॉड्यूल 30 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में उपयोग में है, जबकि 21 राज्यों ने Post-DLP मॉड्यूल का उपयोग शुरू कर दिया है।


eMARG को आज़ादी का अमृत महोत्सव के दौरान NIC द्वारा पहचाने गए 75 डिजिटल समाधानों में शामिल किया गया है तथा इसे राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2021 सहित कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

वर्तमान में लगभग 5 लाख किमी सड़क लंबाई का रखरखाव eMARG के माध्यम से किया जा रहा है और फरवरी 2019 से अब तक लगभग 10,173 करोड़ रुपये की राशि ठेकेदारों को इस प्रणाली के माध्यम से वितरित की जा चुकी है।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, मध्य प्रदेश से सुश्री गीतांजलि मेहता (वरिष्ठ निदेशक), श्री मनोज दीक्षित (वरिष्ठ निदेशक), श्री नितिन गुप्ता (वैज्ञानिक-डी) एवं श्री विनय नामदेव (वैज्ञानिक-सी) ने eMARG की नवीनतम पहलों का प्रस्तुतीकरण किया तथा राज्यों द्वारा इसके क्रियान्वयन और कार्यान्वयन से संबंधित उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया।


Ministry of Rural Development
Government of India
Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY)
Regional Review Meeting (RRM)




Ministry of Rural Development
Government of India
Home
About eMARG
Awards
Instructions
Download
Digital India
eMARG
Road to Rural Digital Transformation
66414 (78854)
350025.52 Km.
No. of Packages (Roads) Road Length
53430 (62844)
291322.47 Km.
Packages (Roads) Road Length in which Payment made



## Presentation of eMARG 2.0 by NICMP in the Regional Review Meetings (RRMs) of NRIDA

Presentation of new features of eMARG 2.0 has been made in following Regional Review Meetings (RRMs) of National Rural Infrastructure Development Agency (NRIDA), MoRD, GoI organised to discuss progress of the schemes implemented by the department and their new initiatives:

1. **Mumbai, Maharashtra (09-10th April 2026)**

This RRM was organised by the state of Maharashtra in Mumbai and other participating states were Rajasthan, Gujarat, Goa, Punjab Madhya Pradesh and Uttar Pradesh. Director General & Joint Secretary (RC) GoI and senior officials of NRIDA, Principal Secretary, Secretary and senior officials of Maharashtra Rural Road department, CEO, Engineer-in-Chief and SRRDA officials of other states and NIC officials participated in the RRM.

2. **Dharamshala, Himachal Pradesh (16-17th April 2026)**

This RRM was organised by the state of Himachal Pradesh in Dharmashala and other participating states were Jharkhand, Jammu and Kashmir, Bihar, Chhattisgarh and Uttarakhand. Director General & Joint Secretary (RC) GoI and senior officials of NRIDA, Principal Secretary, Secretary and senior officials of Himachal Pradesh Rural Road Department, CEO, Engineer-in-Chief and SRRDA officials of other states and NIC officials participated in the RRM.

eMARG (https://emarg.gov.in) is an enterprise e-Governance solution designed and developed for maintenance of rural roads constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY) for NRIDA. NIC, MP is the technology partner for the design, development and implementation of the eMARG. It is a standardized, transparent process-oriented system to manage & monitor maintenance of rural roads under Post Construction Defect Liability Period (DLP) of 5 years and Post-DLP period of 5 years. Its DLP module is in use by 30 states/ UTs and 21 states have started use of its Post DLP module.

eMARG is listed under 75 digital solutions identified by NIC during Azadi Ka Amrit Mahotsav and awarded with many awards including National eGovernance Award 2021 by DARPG, GoI.

At present around 5 lakhs km. road length is under maintenance and around Rs.10173 crores has been disbursed to the contractors through eMARG since its inception in February 2019.

From NICMP, Ms. Geetanjali Mehta (Sr. Director), Sh. Manoj Dixit (Sr. Director), Sh. Nitin Gupta (Scientist-D) & Sh. Vinay Namdeo (Scientist-C) presented latest initiatives of eMARG and resolved queries raised by the states regarding its execution and implementation.

*Inputs by: Team eMARG, NIC MP*